दिन– शुक्रवार दिनांक– 06 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा आज प्रदेश के दो दिवसीय पर पटना आ रहे हैं। वे इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान आईजीआईएमएस में पूर्वी भारत के सबसे बड़े क्षेत्रीय नेत्र संस्थान का करेंगे उदघाटन।

02. श्री नड्डा भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया और दरभंगा में चार सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का भी शुभारंभ करेंगे।

03. राज्य सरकार ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए जल्द नई नीति लागू होगी। शिक्षकों को होगी सुविधा।

04. और, और प्रदेश में मॉनसून फिर से सक्रिय हुआ। अधिकांश स्थानों पर हो रही है हल्की से मध्यम बारिश।

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा आज बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। इस दौरान वे कई योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण और उद्घाटन करेंगे। वे दोपहर में पटना के आईजीआईएमएस परिसर में एक सौ अट्ठासी करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित क्षेत्रीय नेत्र चिकित्सा संस्थान का उद्घाटन करेंगे। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वीकृ त आठ सौ पचास करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय मौजूद रहेंगे। आज ही श्री नड्डा भागलपुर स्थित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पातल में दो सौ करोड़ रूपये की लागत से बने दो सौ बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वे मुजफ्फरपुर, गया और दरभंगा में भी सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का उदघाटन करेंगे श्री नड्डा दरभंगा में शोभन बाईपास स्थित एम्स के प्रस्तावित निर्माण स्थल का भी निरीक्षण करेंगे। बिहार प्रवास के दौरान वे पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही वे भाजपा कोर कमिटी को संबोधित करेंगे।

---

आईजीआईएमएस के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ मनीष मंडल ने कहा है कि क्षेत्रीय नेत्र संस्थान पूर्वी भारत का सबसे बड़ा नेत्र अस्पताल होगा। श्री मंडल ने बताया कि कई प्रकार सुविधाएं और तकनीकी खासियत इस संस्थान में होगी।

–––बाइट–––

---

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा है कि सिर्फ तीन दिनों में एक करोड़ से अधिक लोग भाजपा के सदस्य बने हैं, जो एक कीर्तिमान है। पटना में सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि इसकों लेकर देशवासियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री तावडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि लोग पार्टी की विचारधारा को खुले मन से स्वीकार कर रहे हैं और पार्टी से जुड़ रहे हैं।

---

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। बिहार से भाजपा के मनन कुमार मिश्रा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा समेत पांच नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा भी मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भोजपुर जिले के आरा में बन रहे राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगले साल पंद्रह अगस्त तक इसका निर्माण कार्य पूरा कर लेना चाहिए। भोजपुर यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने इकतालीस करोड़ छियासी लाख रूपये की योजनाओं का उद्घाटन और बासठ करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास किया।

---

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि देश से तीन सौ करोड़ रूपये के मखाने का निर्यात होता है। इसमें बिहार की हिस्सेदारी मात्र तीन करोड़ रूपये की है। नई दिल्ली में देशभर के उद्योग मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि

बिहार में निर्यात से जुड़ी व्यवस्था नहीं होने के कारण मखाना व्यवसायी दूसरे राज्यों में जाकर मखाने का निर्यात कर रहे हैं। इससे निर्यात के मामले में बिहार पिछड़ जा रहा है। उन्होंने केन्द्र सरकार से बिहार में निर्यात सुविधाओं की व्यवस्था की मांग की।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षकों की तबादला नीति इस महीने के अंत तक बन जाएगी। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों की बेहतरी के लिए उदार स्थानांतरण नीति ला रही है। मंत्री ने कहा कि इस नीति में गंभीर रूप से बीमार शिक्षक, दिव्यांग और महिला शिक्षकों को विशेष सहूलियत दी जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है।

---

राष्ट्र्पति द्रौपदी मुर्मू ने कल बिहार के दो शिक्षकों को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्रदान किया। कैमूर के शिक्षक सिकेंद्र कुमार सुमन को बच्चों में तकनीकी कौशल और आई टी के प्रति जागरुकता के लिए यह पुरस्कार दियाा गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षकों के समक्ष चुनौतियां बढ गयी हैं। इसलिए शिक्षकों को और लगन से काम करना चाहिए।

———बाइट———

इस अवसर पर मधुबनी की शिक्षिका डॉ मीनाक्षी कुमारी को भी राष्ट्र्पति ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदाान किया। उन्होंने आकाशवाणी समाचार से कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढाना बहुत जरुरी है।

---

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राजधानी पटना और आस–पास के इलाकों में बीती रात से रूक–रूक कर मध्यम और भारी बारिश हो रही है। इसके साथ ही सारण, सीतामढ़ी, भोजपुर और मधुबनी समेत अन्य जिलों के विभिन्न इलाकों में हल्की और मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण–पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, मधुबनी और सीतामढ़ी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना

है। वहीं, राज्य के पूर्वी और उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

इधर, भारी बारिश के कारण पटना के निचले इलाके में जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कंकड़बाग और राजेन्द्र नगर के अनेक मुहल्लों में जल–जमाव के कारण जन–जीवन प्रभावित हो रहा है।

———————————————————

बिहार पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित सफर सुविधा की शुरूआत की है। इसके तहत महिलाएं घर से बाहर निकलने पर डायल एक सौ बारह सुविधा का लाभ ले सकती हैं, जिससे उनकी जीपीएस ट्रैकिंग की जायेगी। यात्रा के दौरान मदद मांगने वाली महिलाओं पर पुलिस की नजर बनी रहेगी। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि राज्य के छह जिलों पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय और नालंदा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह योजना शुरू की गयी है। उन्होंने बताया कि महिलाएं अपने घर से बाहर कहीं भी कभी भी डायल एक सौ बारह की मदद से सुरक्षित यात्रा कर सकती हैं।

———बाईट———

———————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने थानों में लंबित मामलों की जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया है। पटना में जिलाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि जांच में तेजी के लिए कार्ययोजना बनाएं और ट्रॉयल के मामलों में तेजी लायें। श्री मीणा ने भूमि विवादों को निपटारे के लिए प्रत्येक शनिवार को थाना स्तर पर शिविर लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने अगले छह महीनों में जांच के लंबित मामलों की संख्या एक लाख से कम करने को कहा। फिलहाल प्रदेश में अनुसंधान के लंबित मामलों की संख्या दो लाख सड़सठ हजार से अधिक है।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने आमदनी और योग्यता पर आधारित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए चुने हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए

आवेदन करने की समय–सीमा तीस सितम्बर तक बढा दी है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस योजना के अंतर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है ताकि कक्षा आठ के बाद स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल इस वर्ष तीस जून से खुला हुआ है ताकि विद्यार्थी अपने आवेदन जमा कर सकें।

———————————————————

पेरिस पैरालिंपिक दो हजार चौबीस में कल कपिल परमार ने पुरुषों की जे–वन जूडो स्पर्धा के साठ किलोग्राम वर्ग में ब्राजील के एलील्टन डी ओलिवेरा को हराकर कांस्य पदक जीता। यह जूडो में भारत का पहला पदक है। पैरालिंपिक खेलों में आज भारतीय एथलीट, एथलेटिक्स और पावर लिफ्टिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए मैदान में उतरेंगे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

———————————————————

मधुबनी के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजूर आलम की अदालत ने जानलेवा हमला करने के दोषी पाये गये तीन लोगों को सात–सात वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने डायल एक सौ बारह के तहत बिहार के छह जिलों में शुरू हुई सेवा का शीर्षक लगाया है – महिलाएं अब करेंगी सुरक्षित यात्रा।

**दैनिक जागरण** ने भूमि सर्वेक्षण से जुड़े कार्य को प्रमुखता देते हुए लिखा है – अंचलाधिकारियों को अल्टीमेटम, बेहतर काम कर पुरस्कार पायें या देरी पर सजा।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – नए कानून के तहत पहली बार तिहरे हत्याकांड के दो दोषियों को उम्रकैद।

**दैनिक भास्कर** ने नेशनल टीचरर्स डे अवार्ड का शीर्षक लगाया है – बिहार की डॉ. मीनाक्षी और सिकेन्द्र सुमन को राष्ट्रपति ने दिया सम्मान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा आज प्रदेश के दो दिवसीय पर पटना आ रहे हैं। वे इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान आईजीआईएमएस में पूर्वी भारत के सबसे बड़े क्षेत्रीय नेत्र संस्थान का करेंगे उदघाटन।

02. श्री नड्डा भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया और दरभंगा में चार सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का भी शुभारंभ करेंगे।

03. राज्य सरकार ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए जल्द नई नीति लागू होगी। शिक्षकों को होगी सुविधा।

04. और, और प्रदेश में मॉनसून फिर से सक्रिय हुआ। अधिकांश स्थानों पर हो रही है हल्की से मध्यम बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।